भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

28 अप्रैल 2019

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा बिहार के सीतामढ़ी और छपरा में आयोजित विशाल जन-सभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

देश में केवल मोदी-मोदी के नारे हैं, कांग्रेस-राजद और उसकी महामिलावटी कंपनी तो बस तुष्टीकरण के सहारे है। "मोदी-मोदी" देश के जन-जन का नारा है जो उनके इस संकल्प को दुहराता है कि "फिर एक बार मोदी सरकार।" देश की जनता उन के नेतृत्व में भारत की अनवरत विकास यात्रा का सारथि बनना चाहती है

****

मायावती ने कहा कि मोदी जी पिछड़ा जाति से नहीं आते। झूठ की राजनीति बंद कीजिये मायावती जी, वैसे आपने एक तरह से ठीक ही कहा है मोदी जी पिछड़ा जाति से नहीं आते क्योंकि मोदी जी तो अति-पिछडा समाज से आते हैं

****

पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने की मांग 1955 से चली आ रही थी लेकिन इस मांग की कांग्रेस-राजद-बसपा, सब ने अनदेखी की। यह मोदी सरकार है जिसने इस कार्य को पूरा किया और मुज्जफरपुर के श्री भगवानलाल सहनी को पिछड़ा वर्ग आयोग का पहला अध्यक्ष नियुक्त कर बिहार का नाम इतिहास में दर्ज कराने का काम किया

****

जब से बिहार में नीतीश कुमार और सुशील मोदी ने बिहार में शासन संभाला है, राज्य को लालू-राबड़ी के जंगलराज से मुक्ति मिली है और सुशासन का राज कायम हुआ है

****

बिहार की एनडीए की डबल इंजन वाली सरकार से बिहार का विकास दिन दुनी-रात चौगुनी आगे बढ़ रहा है। बिहार की जनता इस डबल इंजन वाली ट्रेन में 40 सीटें पर भाजपा और एनडीए की विजय का ईंधन भरकर श्री नरेन्द्र मोदी को दुबारा प्रधानमंत्री बनाने के लिए एकजुट हो जाएँ

****

एक ओर श्री नरेन्द्र मोदी के रूप में बिना कोई छुट्टी लिए 24 में से 18 घंटे काम करने वाले अथक परिश्रमी प्रधानमंत्री हैं तो दूसरी ओर महामिलावटी ठगबंधन के नेता राहुल गाँधी हर 2-3 माह में छुट्टी पर चले जाते हैं जिन्हें उनकी ही पार्टी ढूंढती रहती है कि राहुल गाँधी आखिर गए कहाँ?

****

केंद्र में पुनः मोदी सरकार बनने पर किसानों को खेती के लिए ब्याज-मुक्त ऋण उपलब्ध कराये जायेंगे। किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों को 60 वर्ष की उम्र के बाद से मासिक पेंशन दी जायेगी

****

पिछड़ों और दलितों का आरक्षण काटे बगैर सामान्य वर्ग के गरीब छात्रों को शिक्षा एवं नौकरी में 10% आरक्षण देने का काम भी नरेन्द्र मोदी सरकार ने ही किया है

****

10 साल तक केंद्र में सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस सरकार रही जो लालू यादव के समर्थन से चल रही थी लेकिन उन्होंने बिहार को विकास के लिए 13वें वित्त आयोग में केवल 1,93,818 करोड़ रुपये ही दिए जबकि मोदी सरकार ने 14वें वित्त आयोग के लिए 6,06,786 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की

****

एयर स्ट्राइक से भारत अमेरिका और इजराइल के बाद ऐसा तीसरा देश बना है जो आतंकियों को उसके घर में घुस कर मार सकता है। इससे भारतवर्ष एक निर्णायक राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित हुआ है

****

एयर स्ट्राइक के बाद एक ओर देश में उत्साह का माहौल था तो दूसरी ओर पाकिस्तान सहित राहुल गाँधी एंड कंपनी के कार्यालय में मातम छायी थी। इन्हें लगा कि यह चुनाव में मुद्दा बन जाएगा। ये वोट बैंक की राजनीति ही महागठबंधन वालों की नीति है

****

मैं राहुल गाँधी कंपनी से पूछना चाहता हूँ कि पाकिस्तान के आतंकवादी मरे तो आपके चेहरे का नूर क्यों गायब हो गए? वे आपके ममेरे-चचेरे भाई लगते हैं क्या?

****

कांग्रेस की आतंकवाद पर जो भी गलत नीति रहे लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार की आतंकवाद के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति पर चलती है। देश की सुरक्षा से हम किसी भी कीमत पर समझौता नहीं कर सकते, देश की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है

****

मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि जब तक भारतीय जनता पार्टी के एक भी कार्यकर्ता के शरीर में प्राण है, जम्मू-कश्मीर को भारत से कोई अलग नहीं कर सकता भले ही महामिलावटी लोग कितना ही प्रपंच रचे

****

जेएनयू में देशद्रोही तत्वों द्वारा भारत तेरे टुकड़े होंगे के नारे लगाए गए और राहुल गाँधी उन नारों के साथ खड़े होकर कहने लगे यह अभिव्यक्ति की आजादी है। क्या भारत माता के टुकड़े करना अभिव्यक्ति की आजादी है या देशद्रोह?

****

राहुल गाँधी और लालू यादव की टुकड़ी जितना भी जोर है लगा ले, जब तक भारतीय जनता पार्टी की नरेन्द्र सरकार है, भारत माता के टुकड़े करने वालों की जगह जेल की सलाखों के पीछे होगी

****

राहुल गाँधी खोल कर सुन लें कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने आपके 55 सालों से ज्यादा काम 55 माह में ही कर दिखाया है। नरेन्द्र मोदी-सुशील मोदी-नीतीश कुमार की जोड़ी बिहार को अगले 5 सालों में बिहार को पूर्ण विकसित राज्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है

****

हमने अपने संकल्प पत्र में तय किया है कि जब 2022 में देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे हो रहे होंगे, देश में एक भी व्यक्ति, एक भी परिवार ऐसा नहीं होगा जिसके पास अपना घर न हो, घर में बिजली, गैस कनेक्शन, पीने का पानी और शौचालय न हो

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज बिहार के सीतामढ़ी और छपरा में आयोजित विशाल जन-सभा को संबोधित किया और प्रदेश की जनता से देश के विकास, देश की सुरक्षा एवं बिहार की समृद्धि के लिए केंद्र में 'फिर एक बार, मोदी सरकार' बनाने की अपील की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने माँ सीता को जन्म देने वाली सीतामढ़ी की पवित्र भूमि को शत-शत नमन करते हुए बगही मठ के परम पूज्य ब्रह्मलीन तपस्वी नारायण दास जी महाराज के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। उन्होंने अमर शहीद रामफल मंडल जी, देश के पहले संसदीय चुनाव में सीतामढ़ी से विजय प्राप्त करने वाले आचार्य जेबी कृपलानी जी और पठानकोट आतंकी हमले में शहीद हुए सीतामढ़ी के पुपरी गाँव के बलहा निवासी अजित ठाकुर को भी श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिवार को शत-शत नमन किया। छपरा में उन्होंने माँ गंगा, माँ अम्बा, लोकनायक जयप्रकाश नारायण और देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी का स्मरण किया और उनसे आशीर्वाद मांगते हुए अपने उद्बोधन की शुरुआत की।

श्री शाह ने उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि **देश में केवल और केवल मोदी-मोदी के नारे हैं, कांग्रेस-राजद और उसकी महामिलावटी कंपनी तो बस तुष्टीकरण के सहारे है।** उन्होंने कहा कि **मोदी-मोदी देश के जन-जन का नारा है जो देश की जनता के संकल्प को दुहराता है कि "फिर एक बार मोदी सरकार।" देश की जनता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अनवरत जारी विकास यात्रा के सारथि बनना चाहती है।** उन्होंने कहा कि देश की जनता ने नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का निर्णय यूँ ही नहीं किया है बल्कि नरेन्द्र मोदी जैसा नेतृत्व सालों साल प्रतीक्षा के बाद इस देश को प्राप्त हुआ है। **पिछले 20 सालों से, गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और विगत पांच वर्ष देश के प्रधानमंत्री के रूप में, 24 घंटों में 18 घंटे काम करने वाले श्री नरेन्द्र मोदी ने एक भी दिन छुट्टी नहीं की। दूसरी ओर, महामिलावटी ठगबंधन के नेता राहुल गाँधी हर 2-3 माह में छुट्टी पर चले जाते हैं। इनकी पूरी पार्टी, सांसद-विधायक परेशान, माता जी भी परेशान रहती हैं कि राहुल गाँधी चले कहाँ गए?** उन्होंने कहा

कि **देश को नरेन्द्र मोदी के रूप में एक प्रामाणिक, संवेदनशील और निर्णायक और कठोर फैसले लेने वाला प्रधानमंत्री मिला है जिनके जीवन का क्षण-क्षण और शरीर का कण-कण देश की सेवा में समर्पित है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कांग्रेस और लालू के जंगलराज पर हमला करते हुए कहा कि **पिछले 55 सालों तक गाँधी परिवार की चार-चार पीढ़ियों ने इस देश में शासन किया, 15 सालों तक बिहार में लालू-राबड़ी का जंगलराज रहा लेकिन इस दौरान बिहार के गरीबी उन्मूलन के लिए कुछ भी नहीं हुआ।** 2014 में बिहार की जनता ने एक मैंडेट दिया जिसके तहत नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने और केंद्र में एनडीए की सरकार बनी। पिछले 5 वर्षों में देश के 50 करोड़ गरीबों के कल्याण के लिए नरेन्द्र मोदी ढेर सारी योजनायें लेकर आये। उन्होंने कहा कि केंद्र में नरेन्द्र मोदी सरकार आने के बाद पिछले 5 वर्षों में 7 करोड़ गरीबों के घर में मुफ्त में गैस कनेक्शन पहुंचाई गई, ढाई करोड़ गरीबों के लिए आवास उपलब्ध कराये गए, लगभग 9 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए, लगभग 2 करोड़ 35 लाख घरों में बिजली पहुंचाई गई और देश के 50 करोड़ गरीबों को आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये प्रतिवर्ष का स्वास्थ्य-लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अब तक लगभग 23 लाख गरीब लाभान्वित हुए हैं।

श्री शाह ने कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों के अतिरिक्त नरेन्द्र मोदी ने जो सबसे महत्वपूर्ण काम किया है, वह है देश को सुरक्षित रखने का काम। उन्होंने कहा कि **10 सालों तक देश में यूपीए की लालू-राबड़ी की समर्थन वाली कांग्रेस सरकार थी जिसने अपने वोट बैंक के लिए देश की सुरक्षा को भी ताक पर रख दिया था।** देश में आतंकी आकर जवानों का सर काटकर ले जाते थे, लेकिन तब की सरकार कुछ नहीं करती थी। **नरेन्द्र मोदी सरकार बनने के बाद जब उरी हमला हुआ तो हमने सर्जिकल स्ट्राइक करके पाकिस्तान को ठिकाने लगाने का काम किया। इसके बाद भी पाकिस्तान सुधरा नहीं और पुलवामा हमला किया** जिसमें **हमारे 40 जवान शहीद हुए लेकिन तेरहवीं के दिन ही पाकिस्तान के बालाकोट में घुसकर एयर स्ट्राइक करके बदला लेने का काम देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया।** एयर स्ट्राइक के बाद देश का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा। इसके साथ ही दुनिया में एक परिवर्तन आया। पहले दुनिया में दो ही देश थे जो अपने जवानों के खून का बदला लेते थे, एक अमेरिका और दूसरा इजरायल। इन देशों की सूची में अब तीसरा नाम भारत का दर्ज हुआ है जिससे भारत एक निर्णायक राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित हुआ। उन्होंने कहा कि **एयर स्ट्राइक के बाद एक ओर देश में उत्साह का माहौल था तो दूसरी ओर पाकिस्तान सहित राहुल गाँधी एंड कंपनी के कार्यालय में मातम छायी थी। इन्हें लगा कि यह चुनाव में मुद्दा बन जाएगा। ये वोट बैंक की राजनीति ही महागठबंधन वालों की नीति है। मैं राहुल गाँधी कंपनी से पूछना चाहता हूँ कि पाकिस्तान के आतंकवादी मरे तो आपके चेहरे का नूर क्यों गायब हो गए? वे आपके ममेरे-चचेरे भाई लगते हैं क्या?** कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि **राहुल गाँधी के गुरु सैम पित्रोदा कहते हैं कि पाकिस्तान से बात करो, आतंकियों पर बम मत गिराओ लेकिन मैं आप लोगों से पूछना चाहता हूँ कि जो देश हमारे 40 जवानों को अकारण शहीद कर दे, उससे बात करनी चाहिए या उस पर बम गिराना चाहिए? कांग्रेस की आतंकवाद पर जो भी गलत नीति रहे लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार की आतंकवाद के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति पर चलती है। यदि पाकिस्तान**

से गोली आएगी तो यहाँ से गोला जाएगा, ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। देश की सुरक्षा से हम किसी भी कीमत पर समझौता नहीं कर सकते, देश की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस पार्टी नेशनल कांफ्रेंस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है और **राहुल गाँधी के साथी उमर अब्दुल्ला मांग करते हैं कि जम्मू-कश्मीर में भी अलग से प्रधानमंत्री होना चाहिए और इस पर जब सवाल पूछा जाता है तो राहुल गाँधी चुप रहते हैं, लालू यादव चुप रहते हैं और कांग्रेस के तमाम सहयोगी इस पर चुप्पी साध लेते हैं। मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि जब तक भारतीय जनता पार्टी के एक भी कार्यकर्ता के शरीर में प्राण है, जम्मू-कश्मीर को भारत से कोई अलग नहीं कर सकता, जम्मू-कश्मीर भारत माता का मुकुट मणि है।**

श्री शाह ने राहुल गाँधी और कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि **कांग्रेस कहती है कि देशद्रोह का कानून ख़त्म हो। आखिर किसके लिए? जेएनयू के अन्दर देशद्रोही तत्वों द्वारा भारत तेरे टुकड़े होंगे के नारे लगाए गए और राहुल गाँधी उन नारों के साथ खड़े होकर कहने लगे यह अभिव्यक्ति की आजादी है। क्या भारत माता के टुकड़े करना अभिव्यक्ति की आजादी है या देशद्रोह? राहुल गाँधी और लालू यादव की टुकड़ी जितना भी जोर है लगा ले, जब तक भारतीय जनता पार्टी की नरेन्द्र सरकार है, भारत माता के टुकड़े करने वालों की जगह जेल की सलाखों के पीछे होगी।**

राहुल गाँधी पर हमला और तेज करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि राहुल गाँधी जोर जोर से पूछते हैं कि मोदी जी आपने बिहार के लिए क्या किया? राहुल गाँधी, अभी तो शासन में हमें आये पांच साल ही हुए हैं लेकिन बिहार सहित पूरे देश की जनता तो आपसे 55 साल के शासन की कारगुजारियों का हिसाब-किताब मांग रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की तो परंपरा रही है देश की जनता को अपने कार्यकाल का हिसाब देने की। उन्होंने कहा कि **10 साल तक केंद्र में सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस सरकार रही जो लालू यादव के समर्थन से चल रही थी लेकिन उन्होंने बिहार को विकास के लिए 13वें वित्त आयोग में केवल 1,93,818 करोड़ रुपये ही दिए जबकि मोदी सरकार ने 14वें वित्त आयोग के लिए 6,06,786 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की। एक लाख करोड़ रुपये तो बिहार में केवल रेलवे के विकास में ही केंद्र की भाजपा सरकार ने दिया है।** उन्होंने कहा कि **राहुल गाँधी खोल कर सुन लें कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने आपके 55 सालों से ज्यादा काम 55 माह में ही कर दिखाया है।** नरेन्द्र मोदी सरकार ने पिछले 5 सालों में युवाओं, गरीबों, आदिवासियों, महिलाओं, किसानों, गाँवों और शहरों के लिए 133 योजनायें लेकर आई है। **नरेन्द्र मोदी-सुशील मोदी-नीतीश कुमार की जोड़ी बिहार को अगले 5 सालों में बिहार को पूर्ण विकसित राज्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने महामिलावटी विपक्ष पर करारा हमला करते हुए कहा कि **मायावती ने कहा कि मोदी जी पिछड़ा जाति से नहीं आते। झूठ की राजनीति बंद कीजिये मायावती जी, वैसे आपने एक तरह से ठीक ही कहा है मोदी जी पिछड़ा जाति से नहीं आते क्योंकि मोदी जी तो अति-पिछडा समाज से आते हैं।** 55 सालों से पिछड़े समुदाय के लोगों की मांग थी कि उन्हें संवैधानिक सम्मान मिले लेकिन कांग्रेस, आरजेडी, बसपा, सपा किसी ने कभी इसपर ध्यान नहीं दिया। **यह मोदी सरकार है जिसने पिछड़े लोगों को पहली बार संवैधानिक सम्मान दिया गया और मुज्जफरपुर के श्री भगवानलाल सहनी को पिछड़ा वर्ग आयोग का पहला अध्यक्ष**

नियुक्त कर इनका और बिहार का नाम इतिहास में दर्ज कराने का काम किया। उन्होंने कहा कि **पिछड़ों और दलितों का आरक्षण काटे बगैर सामान्य वर्ग के गरीब छात्रों को शिक्षा एवं नौकरी में 10% आरक्षण देने का काम भी नरेन्द्र मोदी सरकार ने ही किया है।**

सीतामढ़ी के लिए विकास कार्यक्रमों को रेखांकित करते हुए श्री शाह ने कहा कि सीतामढ़ी जिले में उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लगभग 2 लाख 60 हजार घरों में गैस कनेक्शन पहुंचाया गया, आयुष्मान योजना के तहत 48 हजार कार्ड वितरित किये गए हैं, लगभग 18,800 गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर दिए गए हैं, स्वच्छता योजना के तहत 5 लाख घरों में शौचालय बनाए गए हैं। मुज्जफरपुर से सीतामढ़ी और सीतामढ़ी-दरभंगा-रक्सौल-सीतामढ़ी रेल लाइन का विद्युतीकरण हुआ है, सीतामढ़ी-जयनगर सड़क के दोहरीकरण का काम 116 करोड़ रूपये के परिव्यय से शुरू हुआ और पर्यटन के दृष्टिकोण से सीतामढ़ी को रामायण सर्किट से जोड़ने का काम भारतीय जनता पार्टी की नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है। इसके पहले चरण में, अयोध्या से जनकपुर तक अंतर्राष्ट्रीय बस सेवा शुरू की गयी, सीतामढ़ी के रास्ते एनएच 77 से होते भारत से नेपाल तक रास्ता बनाया गया और माँ जानकी की जन्मस्थली सीतामढ़ी को रामायण सर्किट से जोड़कर सिर्फ इस जिले के विकास के लिए 480 करोड़ रूपये अलग से देने का काम भारतीय जनता पार्टी की नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है। इसके अतिरिक्त पटना को आईआईटी, गया को आईआईएम दिया गया, निफ्ट की स्थापना की गयी, भागलपुर और गया के मेडिकल कॉलेज को उन्नत किया गया, छपरा और पूर्णिया में नए मेडिकल कॉलेज खोले जाने हैं।

छपरा के लिए किये गए विकास कार्यों को पेश करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि छपरा जिले में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत लगभग 2 लाख 40 हजार गैस कनेक्शन बांटे गए हैं, आयुष्मान भारत के तहत लगभग 31 हजार से अधिक कार्ड बांटे गए हैं, आवास योजना के तहत जिले में लगभग 11 हजार गरीबों को उपलब्ध कराया गया है. स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत छपरा में लगभग पांच लाख 33 हजार शौचालयों का निर्माण कराया गया। लगभग 400 करोड़ रुपये की लागत से राज्य का पहला डबल डेकर ब्रिज छपरा में बनाया जा रहा है। नमामि गंगे परियोजना के तहत लगभग 37 करोड़ रुपये की लागत से बाबा हरिहरनाथ के नजदीक आधुनिक घाट का निर्माण कराया जा रहा है। छपरा में घाटों के सौन्दर्यीकरण के लिए 70 करोड़ से अधिक रुपये दिए गए हैं। बंद पड़े हाजीपुर-छपरा हाइवे के निर्माण को फिर से लगभग 900 करोड़ रुपये की लागत से शुरू किया गया है और इसके तहत 125 करोड़ रुपये जारी भी कर दिए गए हैं। इसी तरह छपरा-मुजफ्फरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए 722 करोड़ रुपये जारी किये गए हैं। भारतमाला परियोजना के तहत गंडक नदी पर नेपाल सीमा तक राजमार्ग का निर्माण कराया जा रहा है। रामनगर बाई-छपरा बाईपास का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। छपरा में अलग से पासपोर्ट केंद्र खोले गए हैं। इसके अतिरिक्त छपरा में अलग से राजकोषीय चिकित्सा महाविद्यालय मेडिकल कॉलेज की आधारशिला रखी गई है। छपरा-गोपालगंज रेलवे लाइन को बड़ी लाइन में तब्दील किया गया है। करोड़ों रुपये की लागत से छपरा-मुजफ्फरपुर रेलवे लाइन का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। बिहार में सबसे अधिक 25 नए पावर स्टेशन छपरा में ही बना है।

श्री शाह ने कहा कि **हमने अपने संकल्प पत्र में तय किया है कि जब 2022 में देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे हो रहे होंगे, देश में एक भी व्यक्ति, एक भी परिवार ऐसा नहीं होगा जिसके पास अपना घर न हो, घर में बिजली, गैस कनेक्शन, पीने का पानी और शौचालय न हो।** बिहार में विकास की जो शुरुआत सुशासन बाबू नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए शासन में हुई है, उसे हमें और आगे ले जाना है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर किसानों को खेती के लिए ब्याज-मुक्त ऋण उपलब्ध कराये जायेंगे। किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों को 60 वर्ष की उम्र के बाद से मासिक पेंशन दी जायेगी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने बिहार के विकास के लिए काफी कुछ किया है। **जब से बिहार में नीतीश कुमार और सुशील मोदी ने बिहार में शासन संभाला है, राज्य को लालू-राबड़ी के जंगलराज से मुक्ति मिली है और सुशासन का राज कायम हुआ है। यह बिहार की जनता को तय करना है कि क्या बिहार में दुबारा लालू-राबड़ी का जंगल राज फिर से लाना है या नीतीश कुमार और सुशील मोदी के सुशासन को मजबूत करना है?** क्या राहुल गाँधी एंड कम्पनी देश को आतंकवाद से सुरक्षित रख सकती है, आतंकवाद को मुहंतोड़ जवाब दे सकती है, सीतामढ़ी एवं छपरा का विकास कर सकती है? केंद्र और **बिहार की भाजपा-जद (यू)-लोजपा की डबल इंजन वाली एनडीए सरकार से बिहार का विकास दिन दुनी-रात चौगुनी आगे बढ़ रहा है। बिहार की जनता इस डबल इंजन वाली ट्रेन में 40 सीटें पर भाजपा और एनडीए की विजय का ईंधन भरकर श्री नरेन्द्र मोदी को दुबारा प्रधानमंत्री बनाने के लिए एकजुट हो जाएँ।**

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव